# लाजिस्टिक्स के क्षेत्र में होगा 2,556 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने राज्य में लाजिस्टिक व वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश की 2,556 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही 400 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर पांच परियोजनाओं को यूनिक आइडी जारी करने की मंजूरी दी है। शीघ्र ही इन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए अन्य औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी।

यूपीसीडा ने जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है उनमें लखनऊ के सरोजनी नगर में मेसर्स प्राइम शिफ्ट लाजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद के मोदीनगर में मेसर्स इंटास फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड तथा मेसर्स एसपी लाजिस्टिक्स, रामपुर के बिलासपुर में मेसर्स

**05** प्रस्तावों को निवेश के यूनिक आइडी जारी करने की स्वीकृति

दिल्ली इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड और गौतमबुद्धनगर में मेसर्स फेयर एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं में संयुक्त रूप से लगभग 400 करोड़ का पूंजी निवेश प्रस्तावित है। यूपीसीडा ने उप्र वेयरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक्स नीति-2022 और पीआइपी नीति के अंतर्गत कुल 38 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। 2,556 करोड़ की लागत से ये परियोजनाएं कुल 523.86 एकड़ भूमि पर विकसित होंगी। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने कहा कि सरकार लाजिस्टिक्स व वेयरहाउसिंग को बढ़ावा दे रही है।